





# बैंक में चली गोली, युवक के पैर में लगी, ग्वालियर रेफर

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 सितम्बर।** शहर के लश्कर रोड स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में गुरुवार दोपहर बाद अचानक अफरा-तफरी मच

**बैंक में तैनात एक्स फौजी गार्ड की 12 बोर की लोडेड बंदूक से चली गोली, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी**

गई, जब बैंक के अंदर गोली चल गई और पैसे निकालने आए युवक के पैर में जा लगी। घायल युवक को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।




सिटी कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि सुमेर सिंह राजपूत पुत्र महाराज सिंह राजपूत निवासी झांसी मोहल्ला, अपने साथी विकास के साथ बैंक से पैसे निकालने आया था। उसी दौरान अचानक गोली चली और सुमेर सिंह के पैर में लग गई। गोली लगते ही वह सीढ़ियों पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज से बैंक में दहशत और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया।

### बैंक में तैनात गार्ड की बंदूक से चली गोली

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गोली बैंक में तैनात एक्स फौजी गार्ड श्याम प्रताप सिंह भदौरिया की 12 बोर की लोडेड बंदूक से चली। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि बंदूक कैसे और क्यों चली, इसकी जांच की जा रही है।

### पुलिस की कार्रवाई

घटना के बाद पुलिस ने बैंक स्टाफ, गार्ड और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि गोली चलने के सही कारण का पता लगाया जा सके।

# कांग्रेस ने खाद संकट को लेकर दी चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 सितम्बर।** जिले में किसानों के बीच बढ़ती खाद संकट की समस्या को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन को कड़ी

**प्रदेश सचिव चौधरी बोले- जल्द समाधान नहीं हुआ तो होगा कलेक्टरेट का घेराव**

चेतावनी दी है। प्रदेश सचिव प्रमोद चौधरी ने कहा कि यदि जिले में किसानों की खाद समस्या का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस कलेक्टरेट का घेराव करेगी।



कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले में खाद की काला बाजारी धड़ल्ले से हो रही है, जिसके चलते किसान खाद के लिए लंबी लाइनों में खड़े होने को मजबूर हैं। चौधरी ने सवाल उठाते हुए कहा कि कलेक्टर और भिंड भाजपा जिलाध्यक्ष कहते हैं कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, तो फिर किसानों को खाद क्यों नहीं मिल रही? उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि खाद के लिए किसान आपस में झगड़ रहे हैं। बीते दिन शहर में हुए विवाद की सूचना पर कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष पिंकी भदौरिया ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव कर किसानों को शांत कराया और खाद वितरण करवाया। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यदि समस्या का त्वरित समाधान नहीं हुआ, तो किसान और कांग्रेस मिलकर कलेक्टरेट का घेराव करेंगे।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 सितम्बर।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी गणेश विसर्जन एवं ईद मिलाद-उन-नबी पर्वों के

**गणेश विसर्जन एवं ईद मिलाद-उन-नबी के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश**

दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द, सुरक्षा व्यवस्था, शांति एवं सतर्कता बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करना था।

बैठक में एडीएम एलके पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव, विभिन्न विभागों के अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी, यातायात विभाग के प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।




कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि नदी संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गणेश प्रतिमा का विसर्जन नदियों, तालाबों या प्राकृतिक जल स्रोतों में न किया जाए, बल्कि प्रशासन द्वारा निर्धारित अस्थाई विसर्जन कुंडों में ही किया जाए, ताकि जल जीवों की सुरक्षा और स्वच्छता बनी रहे।

उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए कि गौरी सरोवर के दोनों किनारों पर अस्थाई विसर्जन कुण्ड तैयार किए जाएं। इसके अलावा, जिन मार्गों से जुलूस निकलेंगे, उनकी सफाई और मरम्मत का कार्य तत्काल पूर्ण किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने यातायात विभाग को जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। साथ ही, विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जहां-जहां बिजली के तार नीचे लटके हैं, उन्हें ठीक किया जाए और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों ने कहा कि भिंड की संस्कृति भाईचारे और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की रही है। सभी पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाए जाएंगे। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

# फिर गरमाया अतिक्रमण विवाद, कांग्रेस नेता के परिवार को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 सितम्बर।** प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. गोविंद सिंह की लहार स्थित कोठी एक बार फिर अतिक्रमण विवाद को लेकर सुर्खियों में है। बुधवार देर शाम लहार नगर पालिका ने डॉ. गोविंद सिंह के पुत्र अमित सिंह, भाई गजेंद्र सिंह सहित कुल 10 लोगों को स्थायी अतिक्रमण के आरोप में नोटिस जारी किए। कुछ लोगों को नोटिस उनके आवास पर दिए गए, जबकि अन्य के मकानों और दुकानों पर नोटिस चस्पा किए गए।

**सरकारी रास्ते और तलैया पर कब्जे का आरोप :** नगर पालिका का आरोप है कि डॉ. गोविंद सिंह के परिवार की कोठी सरकारी आराजी क्रमांक 2711 और 2715 पर निर्मित है, जो सरकारी रास्ता और तलैया की जमीन है। जुलाई 2024 में राजस्व विभाग द्वारा



सीमांकन नपती कराया गया था, जिसमें अवैध निर्माण की पुष्टि हुई। रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने इस भूमि को सार्वजनिक संपत्ति घोषित करते हुए अतिक्रमण दर्ज किया।

**सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा विवाद :** इस विवाद में पूर्व नेता प्रतिपक्ष के बेटे अमित प्रताप सिंह और भाई गजेंद्र सिंह पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक जा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मामला स्थानीय राजस्व न्यायालय को सौंपा, जहां दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद लहार तहसीलदार ने 12 सितंबर 2024 को अतिक्रमण की पुष्टि कर दी। इसके खिलाफ दायर अपील भी लहार एसडीएम विजय सिंह यादव की कोर्ट ने खारिज कर दी। एसडीएम ने अपने आदेश में लिखा कि सीमांकन की प्रक्रिया पूरी तरह विधिसम्मत थी। साथ ही, आदेश 39 नियम 1 और 2, तथा धारा 151 के तहत दायर तीन अन्य याचिकाएं भी खारिज की गईं।

**नोटिस का जवाब नहीं आया तो होगी कार्रवाई :** लहार नगर पालिका सीएमओ रमाशंकर शर्मा ने बताया कि कांग्रेस नेता के परिवार सहित 10 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया है। नोटिस की प्रतियां वॉट्सऐप पर भी भेजी गईं। यदि तय समय सीमा में जवाब नहीं आया, तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**दुकानदारों में हड़कंप, ताले लगाकर गायब :** सूचना मिलते ही कई स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर ताले जड़ दिए और मौके से हट गए। प्रशासन ने गैर-हाजिर दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर नोटिस चस्पा कर कार्रवाई की औपचारिकता पूरी की।

## क्वारी नदी खतरे के निशान के पार

**भिंड, 4 सितम्बर।** पिछले 24 घंटे से हो रही तेज बारिश के कारण जिले की क्वारी, चंबल और सिंध नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि क्वारी नदी खतरे के निशान को पार कर चुकी है, जबकि चंबल और सिंध नदियां भी तेजी से उसी ओर बढ़ रही हैं। इससे नदी किनारे बसे गांवों में चिंता का माहौल है।

# प्राकृतिक खेती पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन




**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 सितम्बर।** आत्मा योजनांतर्गत ग्राम उदोतपुरा में प्राकृतिक खेती नेचुरल फॉर्मिंग विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीक, पौधों के लिए आवश्यक जैविक खाद एवं बीज शोधन की विधियां, कीट नियंत्रण के जैविक उपाय तथा प्रति हेक्टेयर जैविक खाद के उपयोग की दर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि आगामी मौसम में पंजीकृत जैविक किसानों के खेतों पर स्वयं उत्पादित जैविक खाद का उपयोग करते हुए फसल प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिससे किसानों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र लहार से डॉ. बीपीएस रघुवंशी नोडल प्राकृतिक कृषि, कुलदीप राजपूत आरएचईओ उद्यान विभाग, शुभम परमार एफओ इफको भिंड, विकास पटेल, विष्णु, महेश समाधिया प्राकृतिक कृषि स्थानीय मास्टर ट्रेनर सहित अन्य वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती से लागत में कमी, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लाभों के बारे में जानकारी दी।

# एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 4 सितम्बर।** शा. महाविद्यालय मेहगांव के रेड रिवन क्लब मे जय देवी शिक्षा प्रसार समिति, संपूर्ण सुरक्षा केंद्र एवं जिला अस्पताल भिंड के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शा.महाविद्यालय मेहगांव के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को एचआईवी/एडस, यौन संचारित रोग, हेपेटाइटिस तथा एचआईवी/एक्ट 2017 के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



कार्यक्रम में जय देवी शिक्षा प्रसार समिति, लिंक वर्कर परियोजना भिंड से जिला समन्वयक बृजेंद्र शर्मा, कॉउंसलर अहिवरण नरवरिया, सुपरवाइजर जितेंद्र शर्मा एवं सुपरवाइजर शिवशंकर शर्मा, क्लस्टर लिंक वर्कर संजू जाटव ने सहभागिता की। वहीं संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की ओर से नीरज जयंत उपस्थित रहे। जिला समन्वयक बृजेंद्र शर्मा ने एड्स संक्रमण के फैलने के चार कारण बताते हुए इसके रोकथाम के भी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया एड्स से संक्रमित गर्भवती मां को प्रसव के दौरान दवा के सेवन से होने वाले शिशु को एड्स संक्रमण से बचाया जा सकता है। एड्स से संक्रमित महिला पुरुष को च्ए आरटीज की दवा से शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़कर सुखी एवं लंबा जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। साथ ही आज की युवा पीढ़ी को अपने शरीर पर टैटू बनवाते समय विशेष सावधानी रखने का सुझाव दिया।

आज शा. महाविद्यालय मेहगांव के प्राचार्य राकेश कुमार डबरिया एवं रेड रिवन प्रभारी गिरिजा नरवरिया के मार्गदर्शन एवं देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को रोगों के संक्रमण, उनके लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रमुख विशेषताओं एवं इसके अंतर्गत उपलब्ध अधिकारों और प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। एड्स से संक्रमित व्यक्ति की गोपनीयता को भंग नहीं कर सकते एवं उसके साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता।

# ब्रह्माकुमारी आश्रम में हर्षोल्लास से मनाया गया गणेश उत्सव

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 4 सितम्बर।** मालनपुर के समीप संचालित ब्रह्माकुमारी आश्रम में भगवान श्री गणेश उत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ बनाया गयाद्य कार्यक्रम में संचालिका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा पूरे भारतवर्ष में भक्ति में मगन होकर हर भक्त श्री गणेश जी की अर्चना और पूजन में लगा हुआ है।

हर एक के मन में यही विश्वास है की विघ्न विनाशक गणेश जी हमारे विघ्नों को खत्म करेंगे। हमें सफलता प्रदान करेंगे। निश्चित है कोई कार्य विधि पूर्वक किया जाए तो सिद्धि तो मिलना ही है। इसलिए गणेश जी की दोनों पत्नियों है रिद्धि और सिद्धि, देखा जाए तो उनके हर अंग का कोई ना कोई एक आध्यात्मिक रहस्य है। बड़े कान अर्थात लोगों की ज्यादा सुनो और सूप की तरह उतनी ही बातों को अंदर में लो, जो आवश्यक है। गणेश जी की छोटी-छोटी आंखें यही कहती हैं हमें दूरंदर्शी होकर कार्य करना चाहिए। वर्तमान समय का आनंद प्राप्त करने के चक्कर में कई बार हम संबंध खराब कर लेते हैं, लेकिन उसका भविष्य सही नहीं होता। इसलिए जो करें सोच समझकर करें।



कार्यक्रम में अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए अनुभवी वक्ता ब्रह्माकुमार मोहनलाल वर्मा जी ने यही कहा, परमात्मा पर संपूर्ण विश्वास करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी।

अमेठी कॉलेज की शिक्षिका सीता कुशवाहा एवं गीता बहन ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई सृष्टि, पूजा, खुशबू, प्रसाद, सुनील, संतोष महेश, और आने वाले सभी भक्तगणों ने गणेश जी की आरती की एवं भंडारा प्राप्त करके संतुष्ट का अनुभव किया। नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

# खाद के लिए कड़ी धूप व बारिश में परेशान हुए किसान

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 4 सितम्बर।** खाद की किल्लत से जिले भर के किसान परेशान है कड़ी धूप बारिश में लाइन मे खड़े बुजुर्ग महिला किसान, शासन प्रशासन खाद की मात्रा भरपूर बताते नही थकता, इससे साफ जाहिर होता है कि खाद बितरण व्यवस्था सुव्यवस्थित नही।

हर दिन किसानों की बढती संख्या बितरण व्यवस्था और सरकार के खाद की भरपूर मात्रा के दावो की वखिया उथेडते नजर आते हे। खाद बितरण के लिए बनाऐ गये केन्द्र पर भीड उमड रही है किसान आपस मे ही लड रहे हे, 10 वीघा जमीन तक के किसानों को लिए व उससे ऊपर जमीन बाले किसानों को अलग अलग केन्द्र बनाऐ जाऐ और जमीन के अनुपात के अनुसार किसानों को पर्याप्त मात्रा मे खाद उपलब्ध कराया जाये जिससे दूसरे दिन आने बाले किसान पुन: आने को विवश न हो। खाते की किताब पर खाद की मात्रा अंकित हो।




कांग्रेस ने ज़िले मे किसानों कि बढ़ती खाद समस्याओ को लेकर ज़िला शासन प्रशासन को चेतावनी दी है ।खाद कि समस्याओ का नही हुआ जल्द निराकरण तो कांग्रेस करेगी कलेक्टरेट का घेराव खाद कि काला बाजारी के लगाए आरोप। कलेक्टर एवं भिंड भाजपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि खाद पर्याप्त मात्रा मे है,तो फिर किसानों को मिल क्यों नही रहा।

आम आदमी पार्टी भिण्ड वरिष्ठ नेता विवेक शर्मा ने कहा कि किसानों के लिए यदि शासन और प्रशासन द्वारा जिले में खाद की कमी पर अभिलंब सुधार व्यवस्था नहीं होती तो आम आदमी पार्टी जिला प्रभारी अमित शर्मा, कुलदीप बॉथम और जिला अध्यक्ष अविलाख सिंह कुशवाह के साथ बैठक कर किसानों के लिए खाद उपलब्ध कराने के लिए आम आदमी पार्टी एक बड़े खाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे।

# गोरमी जल विहार मेले में उमड़ी भीड़ झूला सेक्टर में रही खास रौनक



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 सितम्बर।** गोरमी जल विहार मेला के दूसरे दिन गुरुवार को मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विशेषकर महिलाओं और बच्चों ने झूला सेक्टर में पहुंचकर खूब आनंद लिया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे भीड़भाड़ के बावजूद माहौल सुरक्षित और व्यवस्थित बना रहा।

**धुरकोट मंदिर के पास लगता है मेला :** जानकारी के अनुसार यह मेला धुरकोट मंदिर के पास थाना परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जो लगातार 10 दिन तक चलेगा। मेले में रोजाना रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**खंजरी भजन ने बांधा समा :** गुरुवार की रात तहसील परिसर में खंजरी भजन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिमय गीतों से वातावरण गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण इस कार्यक्रम में शामिल हुए और भजनों का आनंद लिया।

# दबोह थाने में अराजकता, पुलिस पर गम्भीर सवाल

## टीआई की अनुपस्थिति में अमले की मनमानी, निर्दोष फंसे, फरियादी ठगे, पारदर्शिता और जवाबदेही पर उठे सवाल

**बुद्धप्रकाश बौद्ध**

**दबोह, 4 सितम्बर।** दबोह थाना इन दिनों अपने मूल कर्तव्य – जनसेवा और न्याय – से भटकता प्रतीत हो रहा है। टीआई राजेश शर्मा के अवकाश पर जाने के बाद थाना प्रभारी एसआई भानु प्रताप चौहान और उप निरीक्षक रविंद्र माँझी के नेतृत्व में अमले की मनमानी बढ़ गई है। अपराध नियंत्रण शिथिल है, पारदर्शिता नदारद है और जवाबदेही मानो कहीं खो गई है।

**मीडिया से दूरी, जनता अंधेरे में :** थाने का रवैया इतना बंद-दरवाज़ा हो गया है कि मीडिया तक को घटनाओं की जानकारी साझा नहीं की जाती। इससे जनता सच्चाई से अनभिज्ञ रह जाती है। पारदर्शिता और जवाबदेही से दूरी लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत मानी जा रही है।

**न्याय की आस और अदालत का सहारा :** पुलिस की इस मनमानी से तंग आकर कई निर्दोष लोग अदालत की शरण लेने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन इससे पहले ही सवाल उठ रहा है कि क्या पुलिस इतनी हल्की जिम्मेदारी निभा सकती है कि नाम गलत जुड़ गया तो बाद में हटा देंगे कहकर मामले को रफा-दफा कर दे?

**जनता का विश्वास डगमगाया :** दबोह की जनता नए थाना प्रभारी से नाराज़ है और वरिष्ठ अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इन अराजक स्थितियों पर रोक नहीं लगी तो निर्दोषों का जीवन बर्बाद होगा और अपराधियों को खुली छूट मिल जाएगी। यह खबर केवल घटनाओं का ब्यौरा नहीं, बल्कि पुलिस महकमे पर जनता के भरोसे की डगमगाहट और जवाबदेही की माँग है। वरिष्ठ अधिकारियों के लिए यह संकेत है कि अब कड़ी कार्रवाई से ही भरोसा बहाल हो सकता है।

### वसूली और रफा-दफा के आरोप

स्थानीय नागरिकों और फरियादियों का आरोप है कि थाने में शिकायत सुनने के नाम पर वसूली की जा रही है। वहीं आरोपियों से मामले दबाने या रफा-दफा करने के एवज में मोटी रकम ली जाती है। यह हालात कानून की रक्षा करने वाले महकमे पर ही गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

### बिना जांच एफआईआर, निर्दोषों का दर्द

बीते दिनों कई एफआईआर बिना जांच के दर्ज कर ली गईं, जिनमें निर्दोषों को भी आरोपी बना दिया गया। एक युवक ने बताया कि वह घटना के समय मौके पर मौजूद ही नहीं था और उसके पास सीसीटीवी फुटेज तक है, फिर भी उसका नाम एफआईआर में शामिल कर लिया गया। सवाल यह है कि जब जांच ही नहीं हुई, तो नाम किस आधार पर जोड़े गए?